स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 07.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

शासन के डिजिटल इंडिया के तरफ बढ़ते कदम

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में डिजिटल इंडिया के तरफ बढ़ते कदम के तहत् मोबाईल ऐप के द्वारा किस प्रकार से अटेंन्डेंस लिया जाने का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। रायपुर (सुडा) से आये मास्टर ट्रेनर श्रृष्टि शर्मा एवं उषा देवांगन ने सभी अधिकारी, कर्मचारी को प्रशिक्षण दी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मोबाईल ऐप में सबसे पहले प्ले स्टोर से निष्ठा डाउनलोड करना पड़ेगा उसके बाद सभी डाटा में नाम, पता, आधार कार्ड नं., मोबाईल नं.,ईमेल आईडी, स्वयं का पासवर्ड स्वयं का सेल्फी लेने के बाद निष्ठा ऐप डाउनलोड हो जायेगा उसी के माध्यम से व्यक्ति अपने कार्यस्थल के 200 मीटर रेडियस के अंदर से अपना अटेंन्डेंस लगा सकता है अटेंडेंस इन और आउट (आने–जाने का समय) दोनों का होगा। मोबाईल ऐप की विशेषता यह होगी कि यह व्यक्ति के 3 चीजों की रिडिंग करेगी, फेस, एरिया, आईएमईआई नम्बर के आधार पर पता कर लेगा कि अटेंडेंस लगाने वाला कहॉ पर है, बड़े अधिकारियों से लेकर आखिरी छोटे कर्मचारी तक को अटेंडेंस डिजिटल स्वयं के द्वारा लगाना होगा इसका हेड ऑफिस रायपुर में होगा संबंधित विभागों में भी सहायक हो सकतें हैं। नियमित, संविदा, प्लेसमेंट आदि सभी प्रकार की उपस्थिति इसी के माध्यम से देना होगा। किसी कर्मचारी को अवकाश चाहिए तो उसे मोबाईल ऐप के माध्यम से ही एप्लीकेशन लोड करना होगा चाहे वह हॉफ डे हो या पुरे दिन या अन्य प्रकार के अवकाश। प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता सत्येंन्द्र सिंह द्वारा बहुत से महत्वपूर्ण प्रश्न किये गये जैसे– निगम क्षेत्र में अधिकारी, कर्मचारी को कई जगहों जाकर कार्य करना पड़ता है, कार्य की समय सीमा निर्धारित नहीं रहती हैं, सभी कर्मचारियों के पास एन्ड्राईड मोबाईल की उपलब्धता नहीं, ज्यादातर कर्मचारी मोबाईल ऐप प्रक्रिया के जानकार नहीं हैं, अलग–अलग जगहों से अटेंडेंस लेने पर क्या सिस्टम स्वीकार करेगा, नेट सिस्टम काम नहीं करेगा तो अटेंडेंस कैसे स्वीकार होगा आदि प्रश्न पुछे गये। जिसमें मास्टर ट्रेनर ने बताया कि यह एक शुरुआती प्रक्रिया है आवश्यकता के अनुसार हम उच्चाधिकारियों से परामर्श लेकर सिस्टम में सुधार किया जा सकता है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, सभी जोन के जोनायुक्त, मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क विभाग